राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांक–प. 5(4)गृह–1/2023 (16383)   जयपुर, दिनांक : हस्ताक्षरित दिनांक

आदेश

राजस्थान पुलिस सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला की वर्ष 2023–24 की दिनांक 24.01.2024 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के समय श्री लक्ष्मण सिंह चौधरी के विरूद्व महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर रेंज, जोधपुर के आदेश दिनांक 29.12.2021 द्वारा प्रदत्त परिनिन्दा का दण्ड प्रभावी था, परन्तु श्री लक्ष्मण सिंह चौधरी द्वारा मा0 राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में दायर एसबी सिविल रिट पिटीशन संख्या 14200/23 में पारित आदेश दिनांक 04.10.2023 की पालना स्वरूप इनकी पदोन्नति अभिशंषा को सील्ड कवर में रखा गया।

स्थाई समिति की बैठक दिनांक 29.11.2024 के द्वारा एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 14200/23 में पारित आदेश दिनांक 04.10.2023 की पालना In Personam करने का निर्णय लेते हुए डी.बी. स्पेशल अपील दायर नहीं करने का निर्णय लिया गया है। इस कारण राजस्थान पुलिस सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला की वर्ष 2023–24 की दिनांक 24.01.2024 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा सील्ड कवर में किये गये श्री लक्ष्मण सिंह चौधरी की अभिशंषा के बन्द लिफाफे को खोला गया।

विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के अनुसार श्री लक्ष्मण सिंह चौधरी/बाघा सिंह को राजस्थान पुलिस सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला के पद पर वर्ष 2023–24 में रिक्ति दिनांक 01.04.2023 के प्रति एतदद्वारा पदोन्नत किया जाता है। इनकी वरिष्ठता श्री अनीष अहमद/बाबू खान (सामान्य) के नीचे एवं श्री महिपाल सिंह सिसोदिया/दीप सिंह (सामान्य) के ऊपर निर्धारित की जाती है।

यह पदोन्नति माननीय न्यायालयों में लम्बित समस्त प्रकरणों के अन्तिम निर्णय के अध्यधीन है। श्री लक्ष्मण सिंह चौधरी, आरपीएस अग्रिम आदेशो तक वर्तमान पद पर ही यथावत कार्य करते रहेंगे तथा इनको रिक्ति दिनांक से कार्यग्रहण की दिनांक तक नोशनल आधार पर एवं कार्यग्रहण तिथि से वास्तविक रूप से वेतन लाभ देय होगा।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(कश्मी कौर)
संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयुपर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव, गृह।
3. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–6) विभाग को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. संबंधित अधिकारी मार्फत महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
6. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

Signature Not Verified
Digitally Signed by Kashmi Kaur Raan
Designation : Joint Secretary To Government
Date :20-01-2025 03:15:48

संयुक्त शासन सचिव, गृह (पुलिस) विभाग, 1112 प्रथम तल, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर
0141-2227294, IP 2820457/Ext.-22325, 22324 Email : home.police@rajasthan.gov.in

D:/JHALA 2022/ACP/Latter

RajKaj Ref No.: 13083732